कृपया प्रकाशनार्थ **21 नवंबर 2012**

वरिष्ठ भाजपा नेता शालिनी कुलकर्णी का निधन

मुंबई,बुधवार: भारतीय जनता पार्टी, मुंबई के स्थापना काल के समय की महिला नेता व पूर्व नगरसेविका श्रीमती शालिनीताई कुलकर्णी का हालही में निधन हुआ. वे 86 वर्ष की थी.

भारतीय जनसंघ के माध्यम से राजनीति में आयी श्रीमती शालिनी कुलकर्णी ने 1970-80 के वर्षों में मुंबई के जनजीवन को प्रभावित किया. 1970 के दशक में मुंबई में महिलाओं ने महंगाई विरोध में किया उग्र आंदोलन बहुचर्चित है. इस आंदोलन पर भारतीय जनसंघ की कई महिला नेताओं ने अपनी अमिट छबि छोडी जिसमें सर्वश्रीमती जयवंतीबेन महेता, मालती नरवणे, चंद्रकांता गोयल, निर्मला शेंडे, कांता ओतूरकर, पुष्पा वागळे के साथ श्रीमती शालिनी कुलकर्णी अग्रेसर थी. आपात्काल विरोधी आंदोलन में भी उन्होने महत्त्व की भूमिका निभायी. बाद में 1978 में वह दादर से नगरसेविका बनी. आज भी दादर, प्रभादेवी, सैतान चौकी, वरली कोलीवाडा परिसर में उनका नाम आदरपूर्वक लिया जाता है.

पति निधन के बाद कुछ वर्ष श्रीमती कुलकर्णी पुणे में अपने भांजे श्री. प्रकाश बोकील के साथ रह रही थी. वहीं उनका वृद्धावस्था के कारण अंत हुआ. भाजपा में उनके समकालीन नेता व पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक ने श्रीमती कुलकर्णी के निधन पर शोक जताते हुए कहा, ‘‘आम महिलाओं की रोजमर्रा की समस्याओं को उजागर कर उन्हें समाजकार्य से जोडने का काम शालिनीताई ने किया जिसके कारण शुरु के वर्षों में महिलाएं पार्टी से जुडने में काफी मदद हुई. उनके इस योगदान का सभी को सदैव स्मरण रहेगा.’’

(कार्यालय मंत्री)